अंडों के मूल्य

3333. **श्री अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में अंडों के मूल्य अंतर्राष्ट्रीय बाजार के मूल्यों की अपेक्षा बहुत अधिक हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार ने देश में इनके मूल्यों को घटाने के लिए क्या कदम उठाए हैं अथवा उठाने का विचार रखती है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

फलदार वृक्षों के रोपण हेतु धनराशि आवंटन

3334. **श्री अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990–91 तथा 1991–92 के दौरान देश के ग्रामीण क्षेत्रों में फलदार वृक्ष लगाने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा कितनी धनराशि आवंटित की गई है ; और

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान प्रत्येक राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र को वस्तुतः कितनी धनराशि का भुगतान किया गया ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचंद्रन) : (क) भारत सरकार फलदार वृक्षों के विकास की दो योजनाओं का कार्यान्वयन कर रही है :—

(1) ग्रामीण क्षेत्रों में पौष्टिकता वाले फलों के बागों की स्थापना ; और

(2) उष्ण कटिबन्धीय तथा शुष्क क्षेत्र के फलों के एकीकृत विकास पर केन्द्रीय क्षेत्र की योजना ।

इन दो योजनाओं के लिए 1990–91 तथा 1991–92 के दौरान आवंटित की गई धनराशि क्रमशः 132.41 और 369.34 लाख रुपए है ।

(ख) 1990–91 तथा 1991–92 के दौरान भुगतान हेतु राज्यवार धनराशि को दर्शाने वाले विवरण I और II संलग्न हैं ।

विवरण–I

केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में फलदार वृक्षों के विकास हेतु 1990–91 के दौरान धनराशि की राज्य-वार निर्मुक्ति

क्रम संख्या	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	निर्मुक्तधन राशि (लाख रु० में)
1	2	3
1.	आन्ध्र प्रदेश	7.110
2.	बिहार	4.030
3.	गोवा	0.298
4.	गुजरात	4.030
5.	हरियाणा	1.910
6.	कर्नाटक	5.200
7.	केरल	0.298
8.	मध्य प्रदेश	4.030
9.	महाराष्ट्र	9.810
10.	उड़ीसा	5.110
11.	तमिलनाडु	11.030
12.	उत्तर प्रदेश	22.435
13.	पश्चिम बंगाल	1.920
14.	पंजाब	2.134
15.	जम्मू व कश्मीर	1.125
16.	राजस्थान	3.388
17.	अरूणाचल प्रदेश	0.513
18.	असम	0.513
19.	मेघालय	0.513
20.	मणिपुर	0.513
21.	मिजोरम	0.513
22.	नागालैंड	1.026
23.	सिक्किम	0.513